भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *255**

18 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

**राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के पुनरुद्धार के लिए पैकेज**

***255. डॉ. मल्लू रवि:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के पुनरुद्धार पैकेज में कर्मचारियों और श्रमिकों की नौकरियों की सुरक्षा के उपाय शामिल हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) कंपनी की वित्तीय चुनौतियों के बीच नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) और (ख): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**डॉ. मल्लू रवि, संसद सदस्य द्वारा "राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के पुनरुद्धार के लिए पैकेज" के संबंध में दिनांक 18.03.2025 को पूछे गए लोकसभा तारांकित (*) प्रश्न संख्या *255 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) और (ख): भारत सरकार ने दिनांक 16.01.2025 को आरआईएनएल को एक कार्यशील व्यवसाय के रूप में जारी रखने के लिए आरआईएनएल में इक्विटी पूंजी के रूप में 10,300.00 करोड़ रुपए सहित 11,440.00 करोड़ रुपए के निवेश तथा 1140.00 करोड़ रुपए के कार्यशील ऋण को 10 वर्ष उपरांत मोचनीय 7% असंचयी अधिमानित शेयर पूंजी के रूप में संपरिवर्तित किए जाने को अनुमोदन प्रदान किया है। जनवरी, 2025 में आरआईएनएल को 6783.00 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। आरआईएनएल में इक्विटी निवेश भारत सरकार द्वारा आरआईएनएल के प्रचालनों को जारी रखने के उद्देश्य से किया गया है जिससे कर्मचारियों/कामगारों के हित सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। कंपनी को क्षमता उपयोग, इष्टतम जन-शक्ति उपयोग इत्यादि जैसे प्रदर्शन संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भी कहा गया है।

****